TEACHERS OF BIHAR

दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें



teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

जयंती विशेष

05 अप्रैल 2026

Teachers of Bihar

The Change Makers

आज का सुविचार

आलसी व्यक्ति भाग्य पर निर्भर रहता है, जबकि महान

लोग कठिन परिश्रम और धैर्य से सफलता प्राप्त करते हैं।

बाबू जगजीवन राम

(भारत के पूर्व उप-प्रधानमंत्री)

जन्म : **05** अप्रैल **1908** मृत्यु : **06** जुलाई **1986**

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

मधु प्रिया

समता दिवस 5 अप्रैल

समता दिवस प्रत्येक वर्ष भारत में 5 अप्रैल को मनाया जाता है। बाबू जगजीवन राम जिन्हें 'बाबूजी' के नाम से सम्बोधित किया जाता था, उन्हीं के जन्म दिवस को 'समता दिवस' के रूप में मनाया जाता है। बाबू जगजीवन राम वर्ष 1979 में भारत के उप प्रधानमंत्री बने थे।लगभग 50 वर्षो के संसदीय जीवन में राष्ट्र के प्रति जगजीवन राम का समर्पण और निष्ठा बेमिसाल है। उनका संपूर्ण जीवन राजनीतिक, सामाजिक सक्रियता और विशिष्ट उपलब्धियों से भरा हुआ है। सदियों से शोषण और उत्पीड़ित दलितों, मजदूरों के मूलभूत अधिकारों की रक्षा के लिए जगजीवन राम द्वारा किए गए क़ानूनी प्रावधान ऐतिहासिक हैं। जगजीवन राम का ऐसा व्यक्तित्व था जिसने कभी भी अन्याय से समझौता नहीं किया और दलितों के सम्मान के लिए हमेशा संघर्षरत रहे।

दूसरे विश्वयुद्ध के बाद अंग्रेजों ने भारत छोड़ा तो उनका प्रयास था कि पाकिस्तान की भांति भारत के कई टुकड़े कर दिए जाएं। शिमला में कैबिनेट मिशन के सामने बाबूजी ने दलितों और अन्य भारतीयों के मध्य फूट डालने की अंग्रेजों के कोशिश को नाकाम कर दिया। अंतरिम सरकार में जब बारह लोगों को लार्ड वावेल की कैबिनेट में शामिल होने के लिए बुलाया गया तो उसमें बाबू जगजीवन राम भी थे। उन्हें श्रम विभाग दिया गया। इस समय उन्होंने ऐसे क़ानून बनाए जो भारत के इतिहास में आम आदमी, मज़दूरों और दबे कुचले वर्गों के हित की दिशा में मील के पत्थर माने जाते हैं। उन्होंने 'मिनिमम वेजेज एक्ट', 'इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट्स एक्ट' और 'ट्रेड यूनियन एक्ट' बनाया जिसे आज भी मज़दूरों के हित में सबसे बड़े हथियार के रूप में जाना जाता है। उन्होंने 'एम्प्लाइज स्टेट इंश्योरेंस एक्ट' और 'प्रोवीडेंट फंड एक्ट' भी बनवाया।

जयंती विशेष 05 अप्रैल



जगजीवन राम (5 अप्रैल 1908-6 जुलाई 1986)जिन्हें सहपूर्ण रूप से "'बाबूजी'" भी कहा जाता था, एक भारतीय राजनेता तथा भारत के प्रथम दलित उप-प्रधानमंत्री एवं एक महान स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता, संविधान सभा के सदस्य थे।

राकेश कुमार

TOB

खेल कॉर्नर

INDIAN PREMIER LEAGUE

IPL में पहली गेंद पर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बॉलर

बॉलर	विकेट (पहली गेंद पर)
मोहम्मद शमी	5
प्रवीण कुमार	3
उमेश यादव	3
ट्रेंट बोल्ट	3
लसिथ मलिंगा	3
भुवनेश्वर कुमार	3
अशोक डिंडा	3
पैट कमिंस	3

Teachers of Bihar
The Change Makers

शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **05.04.2025**

सीखने की अक्षमता

सीखने की अक्षमता **(Learning Disability - LD)** मस्तिष्क आधारित विकार है, जो सामान्य बुद्धि वाले बच्चों में पढ़ने, लिखने, बोलने या गणितीय गणना में लगातार कठिनाई का कारण बनती है। यह कोई बीमारी नहीं, बल्कि जानकारी को प्रोसेस करने का एक अलग तरीका है। प्रमुख प्रकारों में डिस्लेक्सिया (पढ़ना), डिस्ग्राफिया (लिखना) और डिस्कैलकुलिया (गणित) शामिल हैं।

रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

मुंबई में एक नीलामी के दौरान **यशोदा और कृष्ण** की पेंटिंग **167.2 करोड़ रुपए** में बिकी है। इसी के साथ इस पेंटिंग ने एक **नया रिकॉर्ड** बना दिया है।

5अप्रैल

राष्ट्रीय नौवहन दिवस

राष्ट्रीय नौवहन दिवस का उद्देश्य समुद्री व्यापार **(Marine trade)** और यातायात के प्रति जागरुकता फैलाना है।

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

/teachersofbihar

Madhu priya

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
बाबूजी के नाम से प्रसिद्ध एक राष्ट्रीय नेता, स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक न्याय हेतु
लड़ाई लड़ने वाले योद्धा, वंचित वर्गों के हिमायती तथा एक उत्कृष्ट सांसद
बाबू जगजीवन राम जी
की जयंती पर सादर नमन।
जन्म-5 अप्रैल 1908- मृत्यु-6 जुलाई 1986
Madhu priya
/teachersofbihar